आकाशवाणी भोपाल

दिनांक 12.07.2024 समय: 7.10 PM

**मुख्य समाचार**

- केंद्र सरकार ने हर साल 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का लिया फैसला ।
- अमरवाड़ा विधानसभा उप चुनाव की मतगणना कल, इक्कीस टेबिल पर 20 दौर में पूरी होगी वोटों की गिनती ।
- न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया होंगे मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ।
- राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के कई जिलों में बरसा पानी, 16 जुलाई से फिर शुरू होगा झमाझम बारिश का दौर ।

**संविधान हत्या दिवस**

केंद्र सरकार ने हर साल 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का फैसला लिया है। सरकार की ओर से एक अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। अधिसूचना में कहा गया है, "25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा की गई थी, उस समय की सरकार ने सत्ता का घोर दुरुपयोग किया था। भारत के लोगों को देश के संविधान और भारत के मजबूत लोकतंत्र पर दृढ़ विश्वास है। इसलिए, भारत सरकार ने आपातकाल की अवधि के दौरान सत्ता के घोर दुरुपयोग का सामना और संघर्ष करने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' घोषित किया है और भारत के लोगों को भविष्य में किसी भी तरह से सत्ता के घोर दुरुपयोग का समर्थन नहीं करने के लिए पुनः प्रतिबद्ध किया है।"

**अमरवाड़ा मतगणना**

अमरवाड़ा विधानसभा उप चुनाव की मतगणना कल सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी। मतगणना शासकीय पीजी कॉलेज भवन, छिंदवाड़ा के दो हॉल में कराई जाएगी। मतगणना के सभी इंतजाम किए जा चुके हैं। अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के 332 मतदान केन्द्रों में मतदाताओं द्वारा ईव्हीएम में डाले गये मतों की गणना के लिए 17 टेबल्स एवं पोस्टल बैलेटस् की मतगणना के लिये 4 टेबलें लगाई जाएंगी। मतगणना लगभग 20 राउंडस् में सम्पन्न कराई जाएगी। मतगणना स्थल पर त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

**नीर नवजीवन परियोजना**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नीर नवजीवन परियोजना में प्राकृतिक रूप से तालाब के पानी को स्वच्छ करने का नवाचार अनुकरणीय है। इससे फाउंटेन, पेड़-पौधों तथा उपयुक्त जीवों के माध्यम से जल स्वतः स्वच्छ होता रहेगा। यह तकनीक किफायती है, वर्तमान परिस्थितियों में इसका प्रभाव और महत्व बहुत अधिक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पांच नंबर के निकट स्थित झील बाल उद्यान में नीर नवजीवन परियोजना के शुभारंभ अवसर पर यह बात कही। यह परियोजना जिला प्रशासन व नगर निगम भोपाल के सहयोग से कक्षा 12वीं की छात्रा ईष्ना अग्रवाल द्वारा आरंभ की गई है। सुश्री ईष्ना अग्रवाल ने बताया कि झील बाल उद्यान को नवजीवन देने के उद्देश्य से आरंभ की गई परियोजना में झील को प्राकृतिक और वैज्ञानिक तरीके से संरक्षित किया जाएगा।

**सम्पूर्णता अभियान-छतरपुर**

छतरपुर जिले के बकस्वाहा विकासखंड को नीति आयोग द्वारा आकांक्षी विकास खंड के रूप में चयनित किया गया है जिसके लिए आज छतरपुर जिला मुख्यालय पर संपूर्णता अभियान की शुरुआत हुई.

**मुख्य न्यायाधीश**

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश होंगे। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की थी। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया।

**पीआईबी कार्यशाला**

पीएम जनमन योजना के माध्यम से सरकार की विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर पर स्थित लोगों तक पहुंच रहा है। इसके माध्यम से हमारा आदिवासी समाज काफी लाभान्वित हो रहा है। यह बात जयसिंह नगर, शहडोल की विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने पीआईबी भोपाल द्वारा शहडोल में आयोजित मीडिया कार्यशाला 'वार्तालाप' को संबोधित करते हुए कही। वहीं, शहडोल जिला के कलेक्टर तरुण भटनागर ने कहा कि भूमिगत जल को संरक्षित करने के कार्य में शहडोल मध्य प्रदेश के अग्रणी जिलों में से है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत देश में 75 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन के माध्यम से साफ और सुरक्षित जल मिल रहा है। कार्यशाला को संबोधित करते

हुए पीआईबी, भोपाल के अपर महानिदेशक प्रशांत पाठराबे ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

**अटल गृह ज्योति योजना**

प्रदेश में एक करोड़ से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को अटल गृह ज्योति योजना और 26 लाख 59 हजार उपभोक्ताओं को अटल कृषि ज्योति योजना में लाभान्वित किया जा रहा है। अटल गृह ज्योति योजना में प्रदेश के ऐसे सभी घरेलू उपभोक्ताओं को योजना का लाभ दिया जा रहा है, जिनकी मासिक खपत 150 यूनिट तक है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि अटल कृषि ज्योति योजना से लगभग 26 लाख 59 हजार कृषि उपभोक्ता लाभान्वित हो रहे हैं।

**महाकाल सवारी**

ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर से सावन-भादौ मास में भगवान महाकाल की सवारी परंपरा के अनुसार ही निकाली जाएगी। राजाधिराज महाकाल चांदी की पालकी में सवार होकर भक्तों को दर्शन देने निकलेंगे। सवारी में भक्तों को भगवान महाकाल के सुगमता से दर्शन हो सकें, इसके लिए कारवां में दो एलईडी वाहनों को शामिल किया जाएगा।
यह निर्णय कलेक्टर नीरज कुमार सिंह अध्यक्षता में हुई प्रबंध समिति की बैठक में लिया गया। कलेक्टर ने सदस्यों से चर्चा के बाद यह स्पष्ट किया कि मंदिर की पूजन व उत्सव परंपरा में किसी भी प्रकार का बदलाव नहीं होगा।

**मौसम**

राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के खंडवा और डिंडौरी जिले में आज रुक रूककर बारिश हो रही है । जबकि ज्यादातर जिलों में बादल छाए हुए हैं। नमी और लोकल सिस्टम की वजह से

शिवपुरी, अशोकनगर, पन्ना, सतना, रीवा, मैहर, सागर, बैतूल सहित 8 जिलों में तेज बारिश हो सकती है। इससे पहले कल भी राज्य के 12 जिलों में बारिश हुई, जबकि पश्चिमी हिस्से में सिर्फ दो जिले बैतूल-गुना में हल्की बारिश हुई। भोपाल में अब तक 12 दशमलव 2-0 इंच बारिश हो चुकी है। यह कुल औसत बारिश का 32 प्रतिशत है। मौसम विभाग का कहना है कि इस बार खंड वर्षा हो रही है। नदी-नाले उफान पर आ जाए ऐसी बारिश अगले हफ्ते से हो सकती। इसकी संभावना 16 जुलाई के बाद से लग रही है।

**समाचार संक्षेप**

1. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव कल श्योपुर जिले के विकासखण्ड मुख्यालय विजयपुर के प्रवास पर रहेगे। वे कैबिनेट मंत्री रामनिवास रावत के यहां आयोजित कार्यक्रम में शामिल होगे।
2. पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद पटेल ने आज सागर में कहा कि प्रदेश सरकार का बजट विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में योगदान देने वाला है।
3. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर इन्दौर शहर में तमाम संस्थानों को 24 घंटे चलाने के आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है।
4. जनसंपर्क विभाग की सहायक संचालक स्वर्गीय पूजा थापक की स्मृति में संचालनालय परिसर में आज जनसम्पर्क संचालनालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने हरसिंगार का पौधा रोपा।
5. खंडवा में आज महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव के नेतृत्व में एमआईसी की बैठक निगम सभा ग्रह में आयोजित की गई। बैठक में शहर के विकास से सम्बंधित 36 बिंदुओं पर चर्चा कर निर्णय लिया गया.

6. पन्ना में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत थाना रैपुरा परिसर मे वृक्षा रोपण किया गया। इस दौरान अनेक प्रकार के फलदार पौधे रोपित किये गये।

7. रायसेन के भोपाल मार्ग पर स्थित जिला भाजपा कार्यालय के सामने स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र पटेल ने आज पौधा रोपण किया.

----------------------------